आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.07.2024 समय : 1905

- पूरे देश के साथ द्वीपों में भी आज से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं।
- दक्षिण अण्डमान ज़िले में राजस्व से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाईन वेब–पोर्टल के साथ जोड़ा गया है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि इस वेब पोर्टल के माध्यम से न सिर्फ निगरानी की जा सकेगी, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाया जा सकेगा।
- आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर का क्षेत्रीय समाचार एकांश आज अपनी स्थापना का उनचासवां वर्षगांठ मना रहा है।
- ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए सामाजिक असर आंकलन के मसौदे पर जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गयौ।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपों में भी आज से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। अब कई वर्षों के पुराने कानूनों के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं। इन कानूनों को लागू करने के सिलसिले में आज शाम टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इन तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से न्याय प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाया गया है और न्याय दिलाने में भी आसानी होगी।

पुलिस महानिदेशक और सम्माननीय अतिथि देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इन तीनों कानूनों को द्वीपसमूह में लागू करने में पुलिस विभाग की विभिन्न इकाईयों की सराहना करते हुए कहा कि इन कानूनों को नागरिक केन्द्रित बनाया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िले में राजस्व से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाईन वेब–पोर्टल के साथ जोड़ा गया है। इनमें म्युटेशन और डिमारकेशन, म्युटेशन मॉड्युल के साथ भू–पंजीकरण पोर्टल का एकीकरण और किराएदारों की जांच तथा घरेलू सहायता शामिल है। आज सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में इन सेवाओं का मुख्य सचिव केशव चन्द्र और पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। बाद मे आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि इस वेब पोर्टल के माध्यम से न सिर्फ निगरानी की जा सकेगी, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाया जा सकेगा।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि प्रशासन द्वारा एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है और अब लोग बिना पुलिस स्टेशन आए अपने घर से ही फॉर्म भरकर किराएदारों की जानकारी के साथ सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><>

आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर का क्षेत्रीय समाचार एकांश आज अपनी स्थापना का उनचासवां वर्षगांठ मना रहा है। आज ही के दिन एक जुलाई उन्नीस सौ पचहत्तर को इसकी स्थापना हुई थी। इसी सिलसिले में आज आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी और दूरदर्शन की कलस्टर प्रमुख एम. वासुकी ने आकाशवाणी समाचार को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आगे भी समाचार एकांश से इसी तरह अपनी सेवाएं प्रदान करते रहने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में दूरदर्शन केन्द्र पोर्ट ब्लेयर की निदेशक ए. चित्रा ने भी अपने विचार रखे। अवकाश प्राप्त कार्यक्रम निष्पादक सुश्री मुमताज ने आकाशवाणी और आकाशवाणी समाचार के लम्बे सफर पर अपने अनुभव साझा किए। पत्रकार रज़िया के अलावा वरिष्ठ उद्घोषक जाकिर हुसैन और समाचार वाचक व अनुवादक राकेश चन्द्र लाल ने भी स्थापना दिवस पर जानकारी दी।

<><><><><><>

ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए सामाजिक असर आंकलन के मसौदे पर हाल ही में जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधी नगर सामुदायिक हॉल और प्राथमिक स्कूल शास्त्री नगर में आयोजित इस जन सुनवाई कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के अलावा अनिडको, क्षेत्र के तहसीलदार, दिल्ली से आए अतिथियों के अलावा ग्रामवासियों ने भाग लिया। समाज कल्याण बोर्ड के अधिकारी ए.के. बिश्वास ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इस परियोजना

और क्षेत्र के विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। हितधारकों ने भी इसमें भाग लेते हुए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**<><><><><><><>**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने पुनः परीक्षा के बाद आज एक हजार पांच सौ तिरसठ परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए। नए नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों की रैंक भी संशोधित की है। एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र एक हजार पांच सौ तिरसठ परीक्षार्थियों में से आठ सौ तेरह परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी। परीक्षार्थी exams.nta.ac.in@NEET पर लॉगइन करके संशोधित स्कोर कार्ड देख सकते हैं।

**<><><><><><><>**